संख्या–3ए–2–वे०पु०–06 / 2023-........................................................ / वि०

**बिहार सरकार**

**वित्त विभाग**

# संकल्प

**पटना, दिनांकः–..................**

**विषयः–** **सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग के प्रोन्नति सोपानों के लिए संगत वेतनसंरचना की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या–2125, दिनांक–26.05.2009 द्वारा **सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग नियमावली, 2009** अधिसूचित है, जिसमें चार–स्तरीय पदसोपान विहित है। सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग के विहित पदसोपान एवं उसके लिए स्वीकृत वेतनसंरचना की स्थिति निम्नवत् हैः–

| क्र.सं. | पदनाम | पदसोपान (कोटि) | दि०–01.01.96 से स्वीकृत वेतनमान | दि०–01.01.06 से स्वीकृत वेतनमान | दि०–01.01.16 से स्वीकृत वेतनसंरचना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनीय सांख्यिकी सहायक | मूलकोटि | 4000-6000 | PB-1+2400 | Level-4 |
| 2 | वरीय सांख्यिकी सहायक | प्रथम प्रोन्नति स्तर | 5000-8000 | PB-2+4200 | Level-7 |
| 3 | सांख्यिकी पदाधिकारी | द्वितीय प्रोन्नति स्तर | 5500-9000 | PB-2+4200 | Level-6 |
| 4 | उपनिदेशक (सांख्यिकी) | तृतीय प्रोन्नति स्तर | 8000-13500 | PB-2+5400 | निर्धारित नहीं है |

2. उक्त संवर्ग के प्रथम प्रोन्नति स्तर पद **वरीय सांख्यिकी सहायक** एवं द्वितीय प्रोन्नति स्तर पद **सांख्यिकी पदाधिकारी** के लिए दिनांक–01.01.2006 के प्रभाव से एक ही वेतनमान PB-2+4200 स्वीकृत है। राज्य वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से प्रथम प्रोन्नति स्तर पद **वरीय सांख्यिकी सहायक** के लिए उत्क्रमित वेतनस्तर–7 स्वीकृत है, जबकि उससे उच्चतर प्रोन्नति के पद **सांख्यिकी पदाधिकारी** के लिए निम्न वेतनस्तर–6 स्वीकृत है, जो एक विसंगति है। इसके निवारण हेतु सांख्यिकी पदाधिकारी के लिए अनुवर्त्ती पदसोपान से उच्चतर वेतनस्तर–8 अनुमान्य होना चाहिए। तृतीय प्रोन्नति सोपान **उपनिदेशक (सांख्यिकी)** के लिए दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से वेतनसंरचना स्वीकृत नहीं

रहने की स्थिति में वित्त विभागीय संकल्प संख्या–8145, दिनांक–13.10.2017 की कंडिका–4(ii) के आलोक में प्रतिस्थानी वेतनस्तर–9 अनुमान्य होना चाहिए।

3. **सम्यक् विचारोपरान्त** सहकारिता विभाग सांख्यिकी सहायक संवर्ग के प्रोन्नति सोपानों के लिए निम्नवत् वेतनसंरचना की स्वीकृति दी जाती है :–

| क्र.सं. | पदनाम | पदसोपान (कोटि) | पुनरीक्षित वेतनसंरचना |
|---|---|---|---|
| 1 | सांख्यिकी पदाधिकारी | द्वितीय प्रोन्नति स्तर | Level-8 |
| 2 | उपनिदेशक (सांख्यिकी) | तृतीय प्रोन्नति स्तर | Level-9 |

4. उक्त वेतनसंरचना संकल्प निर्गत की तिथि से प्रभावी होगा।

**आदेशः आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।**

**बिहार राज्यपाल के आदेश से।**

**ह0/–**

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग ।

**ज्ञापांकः**–3ए–2–वे०पु०–06/2023 –__________/**वि०** पटना, दिनांकः–__________

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह0/–**
**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग ।

**ज्ञापांकः**–3ए–2–वे०पु०–06/2023 –__________/**वि०** पटना, दिनांकः–__________

**प्रतिलिपिः**–महामहिम राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सभी विभाग/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी आरक्षी अधीक्षक/सभी कोषागार पदाधिकारी/सभी जिला लेखा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह0/–**
**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग ।

**ज्ञापांकः**—3ए—2—वे०पु०—06 / 2023 —__________ **/वि०** पटना, दिनांकः—__________

**प्रतिलिपिः**—महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना / सचिव, बिहार विधान सभा / सचिव, बिहार विधान परिषद् को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि मँहगाई भत्ता की इस स्वीकृति के संबंध में माननीय मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय, पटना / अध्यक्ष, बिहार विधान सभा / सभापति, बिहार, विधान परिषद् की सहमति प्राप्त कर आदेश निर्गत किया जाय एवं वित्त विभाग, बिहार सरकार को भी इससे अवगत कराया जाये।

**ह0 / —**

**(लोकेश कुमार सिंह)**

सचिव (संसाधन), वित्त विभाग ।

**ज्ञापांकः**—3ए—2—वे०पु०—06 / 2023 —2895 **/वि०** पटना, दिनांकः—15-03-2024

**प्रतिलिपिः**—प्रभारी पदाधिकारी, वित्त वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग / अवर सचिव, वेतन निर्धारण शाखा, वित्त विभाग / सिस्टम एनालिस्ट (बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(लोकेश कुमार सिंह)**

सचिव (संसाधन), वित्त विभाग ।

15/3/2024